राजस्थान पैरा मेडिकल कौंसिल, जयपुर

(प्लाट नं. – 6, ऐवरेस्ट कॉलोनी, नियर अपेक्स मॉल, लाल कोठी, जयपुर)
http://rajasthanparamedicalcouncil.org Ph. No.0141-2973804

द्वारा:– ई–मेल

क्रमांक: पैरामेडि.कौं / गो.प–67 / 2019 / 183 दिनांक: 20/11/19

-:: सार्वजनिक सूचना::-

राजस्थान पैरामेडिकल कौसिंल, जयपुर द्वारा आयोजित प्रथम वर्ष मुख्य (सैद्धान्तिक) परीक्षा सत्र 2017–18 एवं रिमाण्डेड परीक्षा सत्र 2015–16, 2016–17 – अप्रैल, 2019 में पूर्व प्रसारित सार्वजनिक सूचना क्रमांक रा.पैरामेडि.कौ. / परीक्षा–2017–18 / 2019 / 659 दिनांक 24.05.2019 के क्रम में **सत्र 2016–17 के केवल उन्हीं अभ्यर्थियों से ऑप्शन फॉर्म भरवाये जाने हैं, जो प्रथम वर्ष मुख्य परीक्षा–जुलाई, 2018 पुनर्मूल्यांकन / पुनर्गणना जॉच में उत्तीर्ण हुए है, साथ ही, प्रथम वर्ष मुख्य (सैद्धान्तिक) परीक्षा सत्र 2017–18 के साथ आयोजित रिमाण्डेड / पूरक परीक्षा के लिये भी आवेदन किया गया था तथा सम्बन्धित विषयों की परीक्षा में अनुपस्थित / अनुत्तीर्ण अथवा उत्तीर्ण रहें हैं।**

उपरोक्त अभ्यर्थियों की अंक–तालिका सम्बन्धित विषय में दिये गये विकल्प के अनुसार जारी की जायेगी। रिमाण्डेड / पूरक परीक्षा विकल्प चुने जाने पर जारी अंक–तालिका में अटैम्प्ट की गणना की जायेगी।

अतः ऐसे सभी अभ्यर्थी अपने महाविद्यालय / संस्थान के माध्यम से ऑन–लाईन ऑप्शन फॉर्म **दिनांक 21.11.2019 दोपहर 2:00 बजे से 27.11.2019 रात्रि 12:00 बजे तक भरवा सकते हैं।** आवेदित अभ्यर्थियों के ऑन–लाईन ऑप्शन फॉर्म में विकल्प भरने के पश्चात् ऑप्शन फॉर्म तीन प्रति क्रमशः आरपीएमसी कॉपी, कॉलेज कॉपी एवं स्टुडेण्ट कॉपी में उपलब्ध होगें। प्रत्येक प्रति पर अभ्यर्थी अपने हस्ताक्षर आवश्यक रूप से करें।

उपरोक्त निर्धारित अवधि पश्चात् ऑप्शन फॉर्म ऑन–लाईन उपलब्ध नहीं होगें। विकल्प–पत्र भरने हेतु किसी भी प्रकार का शुल्क निर्धारित नहीं है।

20/11/19
रजिस्ट्रार

क्रमांक: पैरामेडि.कौं / गो.प–67 / 2019 / 183 दिनांक: 20/11/19

प्रतिलिपी निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. परीक्षा नियंत्रक , राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल, जयपुर।
2. उप परीक्षा नियंत्रक, राजस्थान पैरामेडिकल कौसिंल, जयपुर।
3. कंडक्ट शाखा, परीक्षा अनुभाग, राजस्थान पैरामेडिकल कौसिंल, जयपुर।
4. निजी सहायक, रजिस्ट्रार, राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल, जयपुर।
5. प्रभारी, सर्वर रूम, राजस्थान पैरामेडिकल कौसिंल, जयपुर को भेजकर लेख है कि आज ही कौंसिल की वेबसाईट पर अपलोड करावें।
6. प्रधानाचार्य, समस्त सम्बद्ध पैरामेडिकल कॉलेज / संस्थान, राजस्थान।
7. समस्त सम्बन्धित अभ्यर्थियों को सूचनार्थ।
8. रक्षित पत्रावली।

20/11/19
रजिस्ट्रार